हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 श्री राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान...



08 शहर की तीन अवैध कॉलोनियों पर चला नपा...



## खबर संक्षेप

### शिविर लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं



**विदिशा।** जयप्रकाश मंच स्टेशन पर नगरपालिका द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में आयुष्मान कार्ड, पथ विकता कार्ड, समग्र पेंशन, स्वास्थ्य जांच, पीएम स्वनिधि स्वीकृति पत्र वितरण, संबल कार्ड एवं राशन कार्ड सहित कुल 128 हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। इस पहल से जनसुविधा में वृद्धि हुई है।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारियां शुरू

**ग्यारसपुर।** हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम कंजेला में 17 जनवरी को किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर आज कार्यक्रम स्थल पर विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन के अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन समाज को एकजुट करने, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा राष्ट्रहित में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में आसपास के अनेक गांवों से नागरिकों की सहभागिता रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान धर्म, संस्कृति, समाज और राष्ट्र से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।भूमि पूजन के साथ ही आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया गया है।

### महंगी अंग्रेजी दवाओं के दुष्प्रभाव बताए

**विदिशा।** रोटरी क्लब ग्रेटर एवं अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक चिकित्सा पर एक वृहद एवं जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रही नई-नई बीमारियों तथा महंगी अंग्रेजी दवाओं के दुष्प्रभावों से आमजन को अवगत कराते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और लाभों को जन-जन तक पहुंचाना था। इस अवसर पर विश्व विख्यात प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. रमेश टेवानी ने लगभग 2 घंटे तक स्क्रीन पर वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न गंभीर रोगों से बचाव एवं उनके प्राकृतिक उपचारों की सरल और प्रभावी जानकारी दी। उपस्थित नागरिकों ने ध्यानपूर्वक व्याख्यान सुना तथा अपनी स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, समाजसेवी अतुल शाह, क्लब अध्यक्ष राज अरोरा, सेमिनार संयोजक चंद्र मोहन अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर बीपी सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गायत्री परिवार एवं ब्रह्मकुमारी आश्रम के प्रतिनिधियों ने भी प्राकृतिक चिकित्सा पर अपने विचार व्यक्त किए।

### ढोल नगाड़ों के साथ किया गांव में संपर्क

**कागपुर।** कागपुर में 11 जनवरी को सकल हिन्दू समाज का सम्मेलन कागपुर हाट बाजार में होगा। सकल हिन्दू समाज सम्मेलन के किए कार्यकर्ताओं द्वारा समस्त ग्राम में डोल नगाड़े के साथ सम्पर्क कर पीले चावल देकर निमंत्रण दिए गए। हिन्दू समाज सम्मेलन के किए कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सहयोग राशि भी प्राप्त कर उसकी रसीद भी प्रदान की गई। इस दौरान सुरेंद सिंह बघेल, निरंकार बघेल, रीतेश बघेल, रवीन्द्र बघेल, राजेश जैन, सोनू गुप्ता, कपिल बघेल, उमेश बघेल, संजय बघेल अंकित रघुवंशी आदि समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला पंचायत में बिजली कंपनी के कार्यों की समीक्षा की गई

# शासकीय काम दो महीने में पूरा हो जाता है, निजी में राशि जमा फिर भी मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत में बुधवार को जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बिजली कंपनी के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य डिपॉजिट वर्क तथा 5% सुपरविजन चार्ज के अंतर्गत चल रहे बिजली कंपनी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना रहा। बैठक में कार्यपालन यंत्री अंकित विमल द्वारा विभागीय कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि किसानों एवं निजी उपभोक्ताओं द्वारा 5% सुपरविजन राशि जमा करने के बावजूद ट्रांसफार्मर स्थापना जैसे आवश्यक कार्यों में एक वर्ष तक का समय लग जाता है, जबकि शासकीय कार्य मात्र 2 से 3 माह में पूर्ण हो जाते हैं। इस स्थिति पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने गंभीर आपत्ति जताई। बैठक में ग्राम पंचायत कोलुया जागीर की गौशाला विद्युतीकरण का मुद्दा भी उठा। 9 लाख 37 हजार की स्वीकृत राशि 5% सुपरविजन पर व्यय की गई, जबकि यदि निविदा प्रक्रिया से कार्य होता तो 20–25% तक की बचत संभव थी। अध्यक्ष ने भविष्य में ऐसे कार्यों को निविदा प्रक्रिया से कराने का प्रस्ताव जिला पंचायत में पारित कराने की बात कही। बैठक में एक हितग्राही को इलेक्ट्रिकल ट्राइसाइकिल का वितरण भी किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए हितग्राहियों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके समाधान का प्रयास किया गया।



**विदिशा।** बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष।

### विभागीय जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने पर सवाल


बताया गया कि उपभोक्ताओं द्वारा रजिस्टर्ड ठेकेदार को भुगतान करने के बाद उत्पन्न समस्याओं के लिए विभाग स्वयं को जिम्मेदार नहीं मानता, जो एक गलत नीति है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि सुपरविजन शुल्क लेने के बाद विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। इस विषय पर कलेक्टर महोदय से चर्चा करने एवं ऊर्जा मंत्री महोदय को अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

### कवि लेखक समागम का तृतीय सोपान 11 को

**विदिशा।** नगर की साहित्यिक संस्था प्रयास के तत्वावधान में आगामी 11 जनवरी को कवि–लेखक समागम–25 के तृतीय सोपान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। समागम के प्रथम चरण में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन मनाया जाएगा। द्वितीय चरण में विदिशा नगर के कवि एवं लेखक अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के श्रेष्ठ पांच साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा। ये सम्मान पूर्व वर्षों की भांति विदिशा के दिवंगत एवं प्रतिष्ठित साहित्यकारों की स्मृति में प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति में कामरेड माधोसिंह, गोविन्द देवलिया एवं बृज श्रीवास्तव शामिल हैं। समिति सदस्य गोविंद देवलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कवि–लेखक समागम श्रृंखला का तीसरा चरण है, जिसमें नगर के साहित्य-रसिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन कामरेड माधोसिंह के निवास पर होगा। उल्लेखनीय है कि प्रयास संस्था द्वारा आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम सदैव विशिष्ट एवं स्मरणीय रहे हैं।

## ओवरब्रिज से लटकता मिला युवक का शव

# जेब से मिला सुसाइड नोट, लिखा: सांस की बीमारी से परेशान हूं, शिनाख्त नहीं हुई





हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बुधवार सुबह रामद्वारा के पास ओवरब्रिज की सीढ़ियों से लटका हुआ एक युवक का शव मिला है। युवक ने ओवरब्रिज की सीढ़ियों की रैलिंग से फांसी लगाकर आत्महत्या की। रामद्वारे की ओर से ओवर ब्रिज की सीढ़ियां चढ़ रहे लोगों ने जब शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें बीमारी से परेशान होकर कदम उठाने की बात लिखी। युवक की पहचान नहीं हो सकी।

### मृतक की शिनाख्त की कोशिश में जुटी पुलिस

मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। सिविल लाइन पुलिस उसकी शिनाख्त करने और परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सुसाइड और अन्य सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## कनारा ट्रॉफी: अखिल के तूफानी शतक से भोपाल लेपड्र्स की जीत

### शुभम कैथवास के 5 विकेट भी कनारा विदिशा को नहीं दिला सके जीत, 23 रनों से हारी मेजबान टीम



**विदिशा।** कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर स्थित कनारा ग्राउंड पर आयोजित 56वीं कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथा दिन रोमांच से भरपूर रहा।

बुधवार को खेले गए मुकाबले में भोपाल लेपड्र्स ने मेजबान कनारा विदिशा को 23 रनों से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर कनारा विदिशा ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल लेपड्र्स की ओर से अखिल यादव ने तूफानी अंदाज में खेलते हुए 56 गेंदों पर 7 छक्के और 11 चौकों की मदद से 115 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। कनक दुबे ने 58 रन बनाए। भोपाल की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 210 रन बनाए। कनारा की ओर से शुभम कैथवास ने 5 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए कनारा विदिशा 20 ओवर में 187 रन ही बना सकी। भोपाल की ओर से सार्थक सोनी ने 3 विकेट लिए। अखिल यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### पूर्व आबकारी ठेकेदार गिरफ्तार, जेल भेजा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा फरार आरोपियों की धरपकड़ जारी है। आबकारी टीम ने लम्बे समय से फरार स्थाई वारंटी व पूर्व आबकारी लायसेंसी मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जिला जेल विदिशा भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक महेश विश्वकर्मा सहित टीम का योगदान रहा। एक अन्य प्रकरण में फरार आरोपी आशीष पंथी उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर उपजेल बासौदा भेजा गया। अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान जारी है।

### नाक-कान-गला के ऑपरेशन अब विदिशा में

**विदिशा।** सेवा भारती न्यास कृष्णा कॉलोनी के सौजन्य से 11 जनवरी 2026 को सुबह 11:30 बजे नई दिल्ली की प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ. मीना अग्रवाल द्वारा नाक, कान व गला रोगियों की जांच, परामर्श एवं ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर का लाभ लेने के लिए मरीजों को पहले से पंजीयन कराना होगा।

## चार बेटों के बीच मां को रखने का विवाद सुलझा बुजुर्गों को भी पुलिस पंचायत में मिला समाधान

### पुलिस पंचायत में पारिवारिक व आर्थिक प्रकरणों का निराकरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे द्वारा की जा रही पुलिस पंचायत में कई पारिवारिक उलझे हुए मामले सुलझ रहे हैं।

एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि उनके चार बेटों द्वारा उन्हें एक-एक माह रखने का बंटवारा किया गया था, लेकिन तय समय के बाद कोई भी बेटा उन्हें रखने को तैयार नहीं होता। सुनवाई में सामने आया कि महिला ने सभी बेटों को पूर्व में पांच-पांच लाख रुपये दिए थे और उनके पास बैंक जमा व कृषि आय भी है। पुलिस पंचायत ने इसे अमानवीय स्थिति मानते हुए निर्णय दिया कि महिला की बैंक राशि मासिक आय योजना में निवेश की जाएगी, एक बेटा उन्हें स्थायी रूप से अपने घर में रखेगा तथा शेष तीन बेटे प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये खर्च हेतु देंगे। इस निर्णय से बुजुर्ग महिला संतुष्ट हुईं। दूसरे प्रकरण में दो सीनियर सिटीजन मित्रों द्वारा संयुक्त खेती में हुए नुकसान को लेकर विवाद था। पुलिस पंचायत की समझाइश के बाद आपसी सहमति से तय हुआ कि शेष राशि का भुगतान दो माह में कर दिया जाएगा।



### बुजुर्ग दंपत्ति के पारिवारिक तनाव पर समझौता

एक मामले में बेटी के तलाक के बाद उत्पन्न पारिवारिक कलह से परेशान बुजुर्ग दंपत्ति के मामले में सभी पक्षों को समझाइश दी गई। शांति बनाए रखने हेतु एक माह का ट्रायल पीरियड तय कर पुनः समीक्षा का निर्णय लिया गया। एक मामले में भूमि विक्रय से जुड़ी शिकायत में पुलिस जांच आवश्यक पाए जाने पर मामला संबंधित थाने को भेजा गया। पुलिस पंचायत के माध्यम से बुजुर्गों की समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयास हो रहे हैं।

### 17 को नितिन गडकरी करेंगे सड़क परियोजना का भूमिपूजन

**विदिशा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 17 जनवरी को विदिशा के दौरे पर आएंगे। यह दौरा पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आमंत्रण पर प्रस्तावित है। विधायक मुकेश टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री श्री गडकरी के प्रवास के दौरान विदिशा क्षेत्र में निर्मित एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं का विधिवत भूमिपूजन किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। दौरे की तैयारियों को लेकर आज विधायक मुकेश टंडन, एडीएम अनिल डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा एवं एनएचएआई के अधिकारियों ने पुरानी गल्ला मंडी में संभावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंच व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समय–सीमा में पूरी की जाएंगी।

### आयुष्मान बनाए गए

**शमशाबाद।** डीएफओ हेमंत यादव के निर्देशन में ग्राम बीलखेड़ी में तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 47 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। हितग्राहियों को 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिलती है, जिससे तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त होगी। शिविर में समन्वय अधिकारी कैलाश बंजारा, डिप्टी रेंजर किशन मीणा, सीएचओ नीतू पटेल, आशा सुपरवाइजर शहनाज खान, आशा कार्यकर्ता भम्मी राजपूत, स्कूल प्रभारी ललिता पाटस्कार एवं अतिथि शिक्षक रणवीर सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

## किसान कांग्रेस की जन आंदोलन यात्रा कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेशभर में किसान कांग्रेस द्वारा किसान जन आंदोलन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा मप्र किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में निकाली जा रही है। विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के 31 ब्लॉकों में लगभग 20 दिनों तक यह यात्रा संचालित की जाएगी।

यात्रा की शुरुआत आज गुरुवार को शमशाबाद विधानसभा के उपब्लॉक देवखजूरी स्थित भैरोंबाबा महाराज मंदिर से सुबह 11 बजे की जाएगी। यह यात्रा जिले की सभी विधानसभाओं के प्रत्येक ब्लॉक में आयोजित होकर गांवों और कस्बों तक पहुंचेगी। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने बताया कि इस आंदोलन का उद्देश्य किसानों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। प्रमुख मांगों में गेहूं और धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल, मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी शामिल है। नकली बीज और खाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई, खाद की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण कानून में बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पूलिंग एक्ट को समाप्त करने, बिजली विभाग द्वारा किसानों पर दर्ज झूठे प्रकरणों को रद्द करने तथा जंगली जानवरों और आवारा मवेशियों से फसल नुकसान पर मुआवजा देने की मांग भी प्रमुख है। इस यात्रा में किसान कांग्रेस के साथ जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा सहित समस्त मोर्चा संगठन, विभाग और प्रकोष्ठ शामिल रहेंगे।

### 12 को ग्यारसपुर में युवा संगम, रोजगार व स्वरोजगार के अवसर

**ग्यारसपुर।** 12 जनवरी को जनपद पंचायत परिसर स्थित अजीविका भवन ग्यारसपुर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। युवा संगम में रोजगार मेला व अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित होगा, जिसमें निजी कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार के माध्यम से चयन करेंगे।

## 'खेलो एमपी' के नियमों पर विवाद, बीपीएड संघ का विरोध

### निजी संघों की अनिवार्य सदस्यता पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'खेलो एमपी' शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गई है। बुधवार को बीपीएड संघ के बैनर तले खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने योजना के नए नियमों का विरोध करते हुए मोर्चा खोल दिया। संघ के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन को सौंपकर नियमों में तत्काल संशोधन की मांग की।

बीपीएड संघ मप्र के संगठन मंत्री पंकज भार्गव ने कहा कि नए नियमों के तहत खिलाड़ियों के लिए संबंधित खेल संघों में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे सरकारी आयोजन निजी संघों के हाथों में चला जाएगा और पंजीकरण के नाम पर उनकी तिजोरी भरेगी।



### पंजीकरण शुल्क अधिक खिलाड़ी बाहर हो जाएंगे

ज्ञापन में सवाल उठाया कि योजना प्रतिभाओं को निखारने के लिए है या निजी मुनाफे के लिए। ज्ञापन में बताया गया कि खेल संघों द्वारा पंजीकरण शुल्क अधिक होने से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे। संघ ने मांग की कि खेल संघों का अनिवार्य पंजीकरण समाप्त किया जाए, खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सीधे खेल विभाग द्वारा नि:शुल्क हो तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए सरल प्रक्रिया हो।

## 90 से 95% अपराधों का खुलासा फुटेज की मदद से हुआ इसलिए

# जिलेभर में लगाए जाएंगे 5 हजार सीसीटीवी

### अपराध नियंत्रण की दिशा में विदिशा पुलिस का 'दृष्टि 360 डिग्री' अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और अपराधियों की त्वरित धरपकड़ के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा 'दृष्टि 360 डिग्री' अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रारंभ इस अभियान के तहत जिले के अधिकतम क्षेत्रों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लाने की पहल की जा रही है।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि पुलिस के अनुभव के अनुसार 90 से 95 प्रतिशत अपराधों का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से ही संभव हुआ है। ऐसे में जिले के कुछ ऐसे क्षेत्र, जहां अभी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां अपराध नियंत्रण में कठिनाई आती है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी में समय लगता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। एएसपी श्री चौबे ने बताया कि इस अभियान में शासन स्तर के साथ-साथ निजी, संस्थागत और सामाजिक संगठनों से सहयोग लिया जा रहा है। अभियान की शुरुआत में ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 25 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई, जिससे विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस द्वारा कॉलोनियों, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग्स, दुकानों और बाजारों में कैमरे लगाने के लिए शहरवासियों को प्रेरित किया जा रहा है। यह भी सलाह दी जा रही है कि लगाए गए कैमरों में से कम से कम एक कैमरा सड़क की ओर हो ताकि बाहरी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके।



यह अभियान केवल विदिशा शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि पठारी, गंजबासौदा और सिरोंज में भी व्यापारी वर्ग और निजी संगठन इसमें सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। पुलिस का लक्ष्य है कि पूरे विदिशा जिले में लगभग 5 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे अपराधियों के लिए जिले में अपराध करना मुश्किल हो और आमजन खुद को सुरक्षित महसूस कर सके। जिले में घट रहे अपराधों में आरोपियों की गिरफ्तारी में सीसीटीवी कैमरों की मदद मिलने से पुलिस तुरंत अपराधियों तक पहुंच जाती है। कई मामलों में सीसीटीवी फुटेज मिलने से आरोपियों की पहचान करना आसान हो जाता है और पुलिस आरोपियों को धर दबोचती है। इसलिए पुलिस द्वारा यह अभियान शुरू किया गया है।

- निजी व संस्थानों के सहयोग से मजबूत होगी निगरानी व्यवस्था



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-6100
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7610
चना
न्यूनतम भाव- 3000
उच्चतम भाव- 5795
मसूर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-6900
ज्वार
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6600
मक्का
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव- 1717
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3501
धान
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-3960
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-7010
गेंहू
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3476
धनिया
न्यूनतम भाव-8750
उच्चतम भाव-8750

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 23130 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक आज

**गंज बासौदा।** विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक आज गुरूवार को दोपहर 12:30 बजे से बालाजी नगर स्थित जिला कार्यालय अशोक भवन में रखी गयी है। बैठक प्रांत एवं विभाग पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न होगी। बैठक में पूर्व की समीक्षा एवं आगामी धर्म रक्षा निधि, मकर संक्रांति समरसता पर्व, संत रविदास जयंती, संघ शताब्दी वर्ष आदि की कार्ययोजना बनाई जायेगी। जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने बताया कि जिला बैठक में जिला कार्यसमिति एवं सभी 10 प्रखंडों से अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### टैक्सी चालक ने दिव्यांग को धमकाया एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अन्तर्गत ग्राम भौंरदा में रहने वाले सेंदपाल सिंह पुत्र नत्थूराजा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह पैर से दिव्यांग है और वह अपने गांव के दोस्त रामगोपाल के साथ टैक्सी से ललितपुर अपने काम से आता जाता है। 2 जनवरी को अपराह्न 3 बजे कैलगुवां रोड एब्रोसिया कालोनी के बगल में पवन जैन की दुकान के सामने ही आरोपी सुकलाल यादव पुत्र हरप्रसाद के साथ टपरियन गांव में रहने वाले मानसिंह पुत्र सोबरन यादव दोनों ने बिना कारण गालियां देते हुये हाथ पकड़ धक्का-मुक्की कर दी।

# कलेक्टर ने की पारासरी पिचिंग एवं बायपास की सराहना,पाथ वे बनाने दिए निर्देश





**गंजबासौदा।** बुधवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता बासौदा तहसील के भ्रमण पर आए। इस दौरान उन्होंने नगर के मध्य से निकली पारासरी नदी के गहरीकरण, पिचिंग कार्य का जायजा लिया और नदी के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने उदयपुर क्षेत्र में पहुंचकर वहां भी संस्थाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिका द्वारा पारासरी नदी के गहरीकरण के बाद अब उसके किनारे पर पिचिंग कराई जा रही है। बुधवार को यहां आए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पचमा बायपास मार्ग पर पारासरी नदी के किनारे पिचिंग का निरीक्षण किया और बायपास मार्ग निर्माण एवं पिचिंग कार्य की सराहना की। साथ ही नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव से चर्चा करते हुए नदी के किनारे पर पाथ वे बनाकर उसके सौंदर्यीकरण के लिए भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नदी में मिलने वाली नालियों एवं नालों के मुहानों पर जाली लगाने को कहा, ताकि नदी में कचरा एवं गंदगी को मिलने से रोका जा सके। वहीं नदी में जमा काई एवं अन्य गंदगी की सफाई के लिए भी उन्होंने नपा प्रशासन को निर्देशित किया। इसके बाद कलेक्टर उदयपुर क्षेत्र के निरीक्षण पर रवाना हो गए। जहां उन्होंने मुरादपुर, उदयपुर, भिलायां में शासकीय अस्पताल, स्कूल, छात्रावास, बैंक, उचित मूल्य दुकान, सहकारी समिति आदि का निरीक्षण किया और अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

### रघुवंशी समाज ने जताया आक्रोश, युवक पर कार्रवाई की रखी मांग

# श्री राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारों के साथ सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





सिरोंज में आयोजित हुई एक सार्वजनिक सभा के दौरान भगवान श्रीराम एवं माता सीता पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बुधवार को नगर में बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिला। भीम आर्मी द्वारा सिरोंज में आयोजित की गई एक सभा में युवक द्वारा की गई भगवान राम जी पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ समाजजनों ने एकजुट होकर पैदल मार्च निकाला और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर संबंधित युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर समाज ने ज्ञापन के माध्यम से पूरे प्रदेश भर में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी। बुधवार को बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में समाज जन एकत्रित हुए।

इसके बाद बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज जन चेहरे पर आक्रोश और मन में पीड़ा लिए पैदल मार्च करते हुए जय स्तंभ चौक से होते हुए तहसील परिसर पहुंचे। पैदल मार्च के दौरान पूरा क्षेत्र "राम जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान", "सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान", "हिंदू देवी-देवताओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" जैसे नारों से गूंजता रहा। नारों के माध्यम से समाजजनों ने स्पष्ट संदेश दिया कि सनातन धर्म और आराध्य देवों के अपमान को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। तहसील परिसर पहुंचकर समाजजनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सार्वजनिक मंच से भगवान श्रीराम एवं माता सीता पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया, जिससे करोड़ों सनातनियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। कथित युवक द्वारा सार्वजनिक मंच से दिया गया बयान न केवल भगवान श्रीराम एवं माता सीता के प्रति अमर्यादित है, बल्कि महिला-विरोधी मानसिकता को भी दर्शाता हैं। ज्ञापन के अनुसार युवक ने सभा के दौरान महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक शब्दों और तुलना का प्रयोग किया, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इससे न केवल सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंची है, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और गरिमा पर भी गंभीर आघात हुआ है। इस प्रकार के बयान समाज में वैमनस्य फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करते हैं। इस मौके पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी, पूर्व मंत्री वीरसिंह रघुवंशी, पूर्व संसदीय सचिव अजय सिंह रघुवंशी, अखिल भारतीय रघुवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी उत्खनन रोकने गई राजस्व टीम से अभद्रता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार की शाम ग्राम बिस्कावली के पास बूचाखेड़ी में अवैध मिट्टी उत्खनन रोकने पहुंची राजस्व विभाग की टीम के साथ अभद्रता की गई। नायब तहसीलदार अनुराग रावत के नेतृत्व में कार्रवाई करने गई टीम को देखते ही अवैध खनन कर रहे लोग भड़क गए और टीम पर हमला करने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर जब नायब तहसीलदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, तो वहां बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। टीम ने जब खुदाई रोकने को कहा, तो वहां मौजूद लोग अभद्रता पर उतर आए। कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर खड़े हो गए और टीम को डराने की कोशिश की। हालांकि, भारी विरोध के बावजूद राजस्व अमले ने मौके से मिट्टी से भरी तीन ट्रॉली और एक ट्रैक्टर जब्त कर लिया। नायब तहसीलदार अनुराग रावत ने बताया कि दल के साथ बदतमीजी और बल प्रयोग की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने पूरी घटना की जानकारी अपने अधिकारियों को दे दी है।

# उमा विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर, ग्लोबाल उ.मा.विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन यूसुफ जई अंसारी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

न्यायाधीश ने शिविर को संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य,युवा दिवस का उद्देश्य, सूचना का अधिकार, निजता का अधिकार, साइबर अपराध, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का महत्व , शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाईन 15100 के संदर्भ में अवगत कराते हुए उपस्थित विद्यार्थीगण को उनके विधिक अधिकार बताए एव अन्य जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों पर संवाद कर उन्हें जानकारी से अवगत कराया। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, सुनील कुमार राजपूत, सौरभ कुशवाह, प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा , रंजीत सिंह तोमर, महेंद्र सिंह तोमर, चंचला शर्मा, नीतू रघुवंशी, विष्णु कुर्मी, श्वेता मौर्या, रवि कुशवाह, मुस्कान कुशवाह, टीना एवं समस्त विद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जयंती एवं पुण्यतिथि मना कर महापुरुषों को याद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने करते हुए देश के महान बलदानी गुरु गोविन्द सिंह, महान कवि भारतेन्दु हरीश चंद्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि एवम साहित्य कार भारतेन्दु हरीश चंद्र के योगदान, उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह एवम खालसा पंथ की स्थापना करने वाले गुरु गोविंद सिंह और देश क़े लिए उनके और पूरे परिवार के बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ अशोक रोहिले, विजय अरोरा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विशेष रूप से कैलाश नामदेव ने पाठक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। आभार पाठक संघ के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने किया। इस अवसर पर कर फुटकर व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जैन,घनश्याम चौरसिया, डॉ अंशुल रोहले, नंदकिशोर सोनी , मोहन सैनी, पंडित सौरभ शर्मा, राधव पिंगले, केलाश नेमा, सतीश सेन सहित आदि अन्य पाठक गण उपस्थित थे।



# नोडल अधिकारी ने कृषि मंडी में रोकी सोयाबीन की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मंगलवार को मंडी बोर्ड भोपाल के सहायक संचालक और भावांतर योजना के नोडल अधिकारी नरेश परमार ने भावांतर योजना के तहत बेचे जा रहे सोयाबीन की जांच की। इस दौरान पंजीयन में गड़बड़ी पाई जाने पर एक ट्रॉली सोयाबीन की नीलामी रोक दी गई। जांच के दौरान पता चला कि सोयाबीन का पंजीयन पड़रिया निवासी रघुनाथ सिंह दांगी के नाम पर था, लेकिन ट्रैक्टर पर गोलू बघेल मौजूद थे। अधिकारी को स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि यह फसल वास्तव में पंजीकृत किसान की है या नहीं। रघुनाथ सिंह के भाई कल्याण सिंह मौके पर पहुंचे और बताया कि यह उपज उनके भाई की है। हालांकि उनके परिवार में बंटवारा हो चुका है और समग्र आईडी अलग है। इस कारण पंजीकृत किसान का मौके पर होना जरूरी था। परमार ने बताया कि खरीदी तभी की जाएगी जब पंजीकृत किसान स्वयं या उसके परिवार का कोई सदस्य उपस्थित होगा। यह कदम योजना के दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया गया है। नोडल अधिकारी नरेश परमार ने बताया कि योजना के नियमों के अनुसार, पंजीकृत किसान या उसके परिवार का कोई सदस्य मौके पर होना अनिवार्य है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि योजना का लाभ सही और पात्र किसानों को ही मिले। परमार ने कहा कि योजना के तहत खरीदी 15 जनवरी तक होनी है। इस दौरान कुछ लोग दूसरों के पंजीयन पर अपनी फसल बेचने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों की मंडी में लगातार जांच की जा रही है। जिस किसान के नाम से पंजीयन था, वह मौके पर मौजूद नहीं था, इसलिए सोयाबीन की खरीदी नहीं की गई।

### रामलीला मेले में चल रही हैं खेल प्रतियोगिताएं

# बालक-बालिका वर्ग में सांदीपनी रहा विजयी





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नपा के रामलीला मेले में इन दिनों खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के तहत गत दिवस विभिन्न स्कूलों की बालक बालिका वर्ग की टीमों के बीच खो खो के लीग और क्वार्टर फायनल के मुकाबले खेले गए थे। जबकि बुधवार को इस प्रतियोगिता के सेमीफायनल और फायनल मुकाबले खेले गए। इस आयोजन में अतिथियों ने सभी खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में सांदीपनी स्कूल की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दोनों ही वर्गों में फायनल मुकाबले जीत लिए। इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सेमीफायनल मुकाबले जीतकर सांदीपनी और नवांकुर विद्यापीठ की टीमें फायनल में पहुंचीं। जहां सांदीपनी की टीम ने फायनल मुकाबला जीत लिया। वहीं तीसरे नंबर की टीम के मुकाबले में बीएमसी और वात्सल्य की टीम का मैच हुआ। जिसमें वात्सल्य की टीम विजयी रही। उधर बालक वर्ग के फायनल में सांदीपनी और डाल्फिन स्कूल की टीम के बीच मैच हुआ। जिसमें सांदीपनी स्कूल की टीम विजयी रही। जबकि बालक वर्ग में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में सेंट एसआरएस की टीम विजयी रही। इस प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में कपिल गोड, विजय शर्मा, गजेन्द्र दांगी, गौरव भारद्वाज, चेतन माथुर, दीक्षा राजपूत, स्वयं शर्मा, मयंक सोनी, रोहित रघुवंशी, मोनिका जैन, सुनील शर्मा मौजूद रहे।

# घायल युवक ने कहा- गोली मारी, जांच में जुटी पुलिस

गंजबासौदा। मंगलवार की एक युवक के पैर में गोली मारकर उसे घायल कर देने की घटना सामने आई है। घटना के बाद घायल पडे युवक को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और घायल की मेडीकल जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे वार्ड क्रमांक 8 बैदनखेडी पुलिया के पास एक युवक के घायल पडे होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर पहुंचकर अस्पताल पहुंचाया। 30 वर्षीय घायल युवक का नाम मनोज पंथी निवासी नसीदपुर है। मनोज ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह तिरंगा बायपास जा रहा था। तभी रास्ते में उसके ही गांव के राजकुमार, शुभम और बबलू ने उसे रोक लिया और मारपीट करने लगे।

इस बीच उन्होंने उसके पैर में गोली भी मार दी। पुलिस ने इस मामले में मनोज की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। टीआई संजय बेदिया के अनुसार यह मामला संदिग्ध लग रहा है और मामले की गहन जांच की जा रही है। युवक के पैर में गोली लगने जैसा निशान है, अस्पताल से मेडीकल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।



# सड़क सुरक्षाः हेलमेट सिर पर सुरक्षित घर पर पहुंचे

**ललितपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में यातायात पुलिस ने वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया। अभियान में विशेष रूप से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील, कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट एवं रिफ्लेक्टर का सही प्रयोग करें, हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें की जानकारी दी गयी। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी जागरूक किया जा रहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है।

## नपा परिषद की बैठक में 15 मिनट में पारित हुए 65 प्रस्ताव, उपेक्षा करने के आरोप लगे

# वार्ड में निर्माण कार्य न होने पर परिषद की बैठक में विपक्षी पार्षदों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बुधवार को नगर पालिका परिषद बैठक हॉल में नपा परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक में नपा अध्यक्ष मन मोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज शर्मा,नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू सहित समस्त वार्डो के पार्षद उपस्थित रहें। वही बैठक में 65 बिन्दुओ को लेकर चर्चा हुई और सिर्फ 15 मिनिट में नपा परिशद की बैठक में 65 प्रस्ताव पारित किए गए। वही क्रमांक 01 व 4 के पार्षदो द्वारा बैठक में अपने वार्ड में निर्माण की उपेक्षा को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए परिषद कई आरोप लगाए।

बैठक में यह प्रस्ताव हुए पारित - इस अवसर पर बैठक में निकाय में 31 मार्च 2026 तक के लिए वार्ड 01 से 21 तक के उचित समूह बनाकर छोटे छोटे कार्य ऑनलाईन निविदा के माध्यम से कराये जाने की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति बावत विचार। स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत नगर से कचरा एकत्रित किये जाने हेतु 02 नग ट्रेक्टर ट्राली क्रय किये जाने की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति बावत विचार। नवीन सब्जी मण्डी में नवीन कर आरोपित किये जाने बावत विचार। अमृत 2.0 हरित अभियान अंतर्गत समस्त पार्को का सौंदर्यकरण एंव पौधा रोपण कराने बावत विचार। शासकीय भूमि पर मकान बना कर रहने वाले व्यक्तियों को अस्थाई रूप से नल कनलेक्शन दिये जाने बावत विचार। बलेजा पेट्रोल पम्प से छत्री नाके तक रोड का नाम ह्यह्यअटल बिहारी वाजपेयी मार्गह्यह्य नामकरण किये जाने बावत विचार। नगरीय प्रशासन मंत्री की घोषणा क्र. 1484 एवं टी.एल. क्रमांक 42 पर (7.0 करोड) रू के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति हेतु विचार। वार्ड क्रमांक 19 में शा.क.उ.मा.विद्यालय प्रांगण में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा स्थापना बावत विचार। लटेरी नाके से पोस्ट आफिस तिराहे तक रोड का नामकरण ह्यह्यभारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर किये जाने हेतु विचार। अलीगंज भैरों पठार पर परंपरागत पशु मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने एवं उस पर होने वाले व्यय की स्वीकृति बावत विचार। पॉलिटेक्निक तिराहे से पंचकुइयां होते हुए नीलकंठ ईदगाह के सामने से आरोन रोड तक का नामकरण ह्यह्यविकास पुरूष पूर्व केविनेट मंत्री पं. लक्ष्मीकांत शर्मा मार्गह्यह्य किये जाने हेतु विचार। नगर पालिका के सामने तालाब की रिवाइज डी.पी.आर. बनवाने हेतु विचार एंव पूर्व निविदा निरस्त किये जाने हेतु विचार। वर्तमान



नगरपालिका भवन को तोड़कर शापिंग काम्पलेक्स निर्माण एवं पीछे हाल निर्माण के सम्बंध में विचार। नगरपालिका भवन के सामने सीएमओ निवास भवन को तोडकर शापिंग काम्पलेक्स निर्माण किये जाने पर विचार। बासोदा नाका स्थित कांजी हाउस के स्थान पर शापिंग काम्पलेक्स एवं शैक्षणिक हाल निर्माण एवं ई-लायब्रेरी का नामकरण ह्यह्यविकास पुरूष पूर्व केविनेट मंत्री पं. लक्ष्मीकांत शर्मा लायब्रेरी किये जाने पर विचार। भोपाल रोड स्थित नगरपालिका जलसंयत्र केन्द्र के सामने वाली बाउंड्रीबाल तोडकर मेन रोड पर दुकानें निर्माण कार्य हेतु प्राप्त दर स्वीकृति बावत विचार। एंव ठेकेदार मॉ शारदा इंटरप्राइजेज सिरोंज दर 17.11 प्रतिशत कम - लागत - 92.78 लाख कराने पर विचार। वार्ड 02 नवीन सब्जीमण्डी प्रांगण में टीनशेड दुकानें निर्माण कार्य की प्राप्त दर स्वीकृति बावत विचार। ठेकेदार न्यू प्रिंस सिरोंज प्राप्त दर 15.50 प्रतिशत कम लागत - 45.51 लाख। गीता भवन का प्रोजेक्ट तैयार कराने एवं स्वीकृति उपरांत आगामी प्रक्रिया करने बावत विचार 15 करोड। सडक सुरक्षा, चौराहे चौडीकरण व सौंदर्यकरण बावत विचार। आगामी 05 वर्ष वार्ड अनुसार एंव विजन डाक्यूमेंट की कार्ययोजना बनाये जाने बावत विचार। नगर में मुख्य मार्गो पर स्वागत द्वार बनाये जाने बावत विचार। नवीन नगरपालिका भवन निर्माण बावत विचार। कायाकल्प योजना 1.0 में अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति हेतु विचार। वार्ड 10 कुरवाई रोड स्थित स्व. पं. श्री चंद्रमोहन शर्मा सभागार के बाहर दुकानें निर्माण हेतु प्राप्त दर स्वीकृति बावत विचार। (ठेकेदार न्यू प्रिंय इंटरप्राइजेज सिरोंज , प्राप्त दर 13.50 प्रतिशत कम ) वार्ड 21 में नगरपालिका के वाहन पार्किंग हेतु शेड निमा्रण कार्य में प्राप्त दर की स्वीकृति बावत विचार। (ठेकेदार महामाया इंटरप्राइजेज सिरोंज प्राप्त दर 19.99 प्रतिशत कम ) नवीन सब्जीमण्डी में हाट बाजार हेतु शेड निर्माण कार्य बावत। वार्ड 17 ईदगाह की मुख्य सीढ़ी से डामर रोड तक सीसी रोड निर्माण एंव समतलीकरण कार्य बावत विचार। वार्ड 05 थाने के सामने स्थित कब्रिस्तान की बाउंडीवाल का प्लाटर कार्य बावत विचार। ग्राम जलालपुर ग्राम पंचायत झूकर में कामधेनू माडल गौशाला आरईएस द्वारा निर्मित श्री कृष्ण गौशाला-2 नगरपालिका द्वारा संचालित किये जाने हेतु विचार। वार्ड 21 लटेरी रोड ब्रम्हघाट पहुंचमार्ग हेतु केथन नदी पर पुल निर्माण बावत विचार। नगर के सभी स्कूलों का खेल महाउत्सव प्रतिवर्ष कराये जाने एवं उस पर होने वाले व्यय की स्वीकृति बावत विचार। वार्ड 10 कुरवाई रोड स्थित पं. चंद्रमोहन सभागार की मरम्मत एंव निर्माण कार्य कराये जाने की स्वीकृति बावत विचार। वार्ड 21 लटेरी रोड स्थित पं. लक्ष्मीकांत शर्मा पार्क की बाउंड्रीवाल निर्माण कराये जाने बावत विचार। नगर सिरोंज की जनगणना के पूर्व चारों ओर सीमा वृद्धि किये जाने हेतु विचार। कोर्ट गेट से लटेरी रेड स्थित न्यू स्टार पेट्रोल पम्प के पास स्थित नवी अकरम (कलंदरी) मस्जिद तक रोड का नामकरण म.प्र. के पूर्व मंत्री श्री डॉ. शरीफ मास्टर मार्ग रखे जाने बावत विचार। वार्ड 20 कार्तिक घाट मंदिर पहुचं मार्ग पर केथन नदी पर गुम्मट वाली मस्जिद के पास पुल निर्माण हेतु विचार। राजा शंकर सिंह सेंगर की प्रतिमा स्थापना हेतु विचार। श्री महाराजा छत्रसाल जी की मूर्ति स्थापना हेतु विचार। पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मूर्ति एल.बी.एस. कॉलेज में स्थापना हेतु विचार। वार्ड 16 में लक्ष्मण सिंह मीना के मकान से लेकर आरोन रोड तक सीसी रोड कराये जाने बावत विचार। वार्ड 16 में शिवचरण कुशवाह के मकान से आरोन रोड की पुलिया तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य बावत विचार। वार्ड 13 देवेन्द्र सिंह धाकड से लेकर केसर बाई कुर्मी , दौलत राम शर्मा के मकान से होते हुए देवेन्द्र सिंह धाकड माता जी मंदिर होते हुए अशोक जैन के मकान तक सीसी रोड एंव नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 13 मेनरोड धीरज सिंह के मकान से होते हुए जगदीश यादव के मकान , प्रदीप जैन के मकान , रामकृष्ण रघुवंशी के मकान से होते हुए वीर सिंह दांगी, प्रदीप शर्मा , प्राण सिंह भावसार सुखलाल यादव के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण। वार्ड 13 प्रीती कुशवाह के घर से राकेश नल वाले की चक्की तक नाला निर्माण बावत विचार। वार्ड 09 गिरराज अग्रवाल के मकान से राही साहव वाली गली से रामकली धर्मशाला होते हुए भूतेश्वर मंदिर होते हुए पप्पू अग्रवाल के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 09 रूपेश यादव के मकान से खुन्नीलाल साहू तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 09 विष्णु गर्ग के मकान से रमेश साहू के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 07 भैयालाल यादव के घर से तुलसीराम यादव के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 07 भागीरत गली एंव मुल्लाजी का चौक निर्माण बावत विचार। वार्ड 07 राममंदिर अखाडे से रामकली धर्मशाला तक सीसी रोड व नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 07 रतनलाल यादव के घर से राकेश गोयल तक नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 03 रैदास पथ में जर्जर कम्यूनिटी हाल तोडकर नवीन दो मंजिला कम्यूनिटी हाल लेट वाथ सहित निर्माण बावत विचार विचार। वार्ड 13 में रोहिलपुरा में स्थित पुलिया से प्रकाश के खेडे तक नवीन नाला निर्माण बावत विचार। वार्ड 4 युसुफ भाई के घर से मजीद ठेकेदार की मस्जिद तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण बावत विचार। वार्ड 4 दरीवालान कब्स्तिान में लाईट लगाने बावत। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति स्थापना हेतु विचार। सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति स्थापना हेतु विचार। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल विहारी वाजपेयी जी की मूर्ति स्थापना हेतु विचार। आरोन रोड नसिया के सामने नमो उद्यान पार्क निर्माण किये जाने बावत विचार। बासोदा रेड या कुरवाई रोड पर हेलीपेड निर्माण बावत विचार। नवीन खेल मैदान बनाये जाने हेतु विचार। ट्रॉफिक लाईट लगाने हेतु विचार। भारी वाहन प्रवेश निषेध समय सारणी पर विचार। ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जाने बावत विचार। अविवादित नामांतरण प्रकरणों की स्वीकृति बावत।

### व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ना मेरी पहली प्राथमिकता

## वस्त्र व्यापार संघ के चुनाव संपन्न विकास गर्ग अध्यक्ष नियुक्त हुए



**सिरोंज।** नगर में वस्त्र व्यापार संघ के चुनाव निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता रितेश अग्रवाल की उपस्थित में सर्व सहमति से सम्पन्न हुए। इस अवसर पर संघ के समस्त पदाधिकारियो की सहमति से विकास गर्ग को वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष पद हेतु चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर शरद मंगल,सचिव सुलभ गर्ग,कोषाध्यक्ष गोपाल बिंदल,सहसचिव अजीत हिमथानी,प्रवक्ता पद के लिए कृष्ण गोपाल गर्ग को व्यापार संघ के समस्त पदाधिकारियो की सहमति से चुना गया। वही सभी व्यापारियो ने ताली बजाकर अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास गर्ग ने बताया कि व्यापारियो के हित में लडाई लडना एंव मुख्य बाजार में व्यापारियो को आने वाली समस्याओं का निराकरण कराना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही मुख्य बाजार में सुलभ कॉप्लेक्स आदि की मांग को लेकर भी व्यापारी एकजुट होकर समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाएगें। इस मौके पर महासंघ प्रतिनिधि अर्पित मित्तल,सुमंत मित्तल,विष्णु बाबू गर्ग,मुकेश कुमार गोयल,निलेश मंगल,प्रकाश बंसल,विष्णु मंगल,निमेष मंगल,अनुपम अग्रवाल आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहें।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि 2.0 योजना अंतर्गत नपा के लगाए गए शिविर में 41 आवेदन मिले



**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि 2.0 योजना हेतु लगातार दूसरे दिन शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के माध्यम से योजना के प्रथम चरण के नए नवीन आवेदन में 15000 रुपए एवं द्वितीय चरण 25000 रुपए एवं तृतीय चरण 50000 रुपए का ऋण बैंकों द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से हाट ठेला,सब्जी फल विक्रेता,फास्ट फूड विक्रेता छोटे व्यवसायी इत्यादि को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है। नगर पालिका परिषद कि इस पहल से शहर में 41 नए आवेदन प्राप्त हुए एवं लोगों में योजना के संबंध में जागरूकता लाई गई। साथ ही नगर पालिका परिषद द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर भी कार्य किया गया। जिसके तहत 27 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। उक्त शिविर में नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू, सीएमओ राम प्रकाश साहू,मुख्य लिपिक बद्री प्रसाद

# सर्राफा प्रतिष्ठानों पर जीएसटी की बड़ी छापेमार कार्रवाई हुई

### तीसरे दिन भी अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच और कार्रवाई जारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




नगर में 5 जनवरी को जीएसटी विभाग के द्वारा दो सर्राफा व्यवसायियों के प्रतिष्ठान पर बड़ी कार्यवाही की गई जो तीसरे दिन 7 जनवरी को भी जारी रही टीम के द्वारा जरूरी दस्तावेज खाता वही और बिलों की जांच की जा रही है। स्टेट जीएसटी विभाग के द्वारा नगर के दयाराम लक्ष्मी नारायण डीएलएस ज्वेलर्स और श्रृंगार ज्वैलर्स के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की। जो नगर के बड़े और प्रतिष्ठित ज्वेलरी कारोबारी माने जाते हैं, उनके प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी की गई।

जीएसटी विभाग की करीब 8 गाडिय़ों में पहुंची 30 सदस्यीय टीम द्वारा दोनों ज्वेलरी दुकानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान टीम ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों और रिकॉर्ड की गहन जांच तीसरे दिन भी की जा रही है सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की आशंका जताई जा रही है।

कार्रवाई से व्यापारियों में हडक्रंप मच गया है। जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिले हैं।

बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई जीएसटी चोरी पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। आगे की जांच में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर जीएसटी छापे की जानकारी लगते ही अन्य सोना चांदी व्यापारियों के द्वारा आनन-फानन में दुकान पर रखे सोने चांदी के जेवरात बैग में भरकर अन्य स्थानों पर पहुंचा दिए। छापे की कार्यवाही प्रारंभ होने के साथ ही अधिकारियों के द्वारा दुकान के दरवाजे लगा दिए थे।

# टीआर नाहर फाउंडेशन ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को बांटे फूड किट व कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की समाजसेवी संस्था टी आर नाहर फाउंडेशन के द्वारा सिविल अस्पताल बरेली में भर्ती मरीजों को फुट कीट एवं सर्दी से बचाव के लिए गर्म कंबल वितरित किए गए।

नाहर फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमति अर्चना नाहर एवं संरक्षक अजय नाहर द्वारा सिविल अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओ, नवजात बच्चों और एन आर सी वार्ड में भर्ती कुपोषित बच्चो को फूड किट एवं गर्म कंबल वितरित कर समाज सेवा मानवीयता की मिशाल पेश की है।टी आर नाहर फाउंडेशन द्वारा प्रतिमाह सिविल अस्पताल पहुंचकर प्रसूति महिलाओ, नवजात, कुपोषित बच्चों और अन्य मरीजों को फूड किट एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं प्रदान कर मानव धर्म निभाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

# बरेली हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का हुआ समापन

### अगले वर्ष बरेली में होगी राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता : मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चार दिवसीय बरेली हैंडबॉल प्रीमियर लीग का समापन हुआ क्षेत्रीय विधायक मध्य प्रदेश शासन में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जो मध्य प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के संरक्षक एवं रायसेन जिले हैंडबॉल के अध्यक्ष हैं। समापन समारोह में फाइनल में खेल रही रूल ब्रेकर एवं राहुल रॉकस्टार दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी।

रायसेन जिला हैंडबॉल संग के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बरेली नगर का नाम रोशन कर रहे है। यह सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं वर्ष 2026 27 में बरेली में राज्य स्तरीय शालाएं हैंडबॉल का आयोजन बरेली में करने का आश्वासन दिया।

#### प्रतिवर्ष होता है आयोजन

रायसेन जिला हैंडबॉल सचिव अरविंद जरिया ने बताया कि मंत्री जी की मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष बरेली में बरेली हैंडबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन होता है जिसमें हैंडबॉल खेल में उत्साह पूर्वक खिलाड़ी भाग लेती है। एवं नए खिलाड़ी तैयार होती है। बरेली नगर से प्रतिवर्ष खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता मैं चयनित होकर बरेली का नाम रोशन करती है। डबॉल प्रीमियर लीग को सफल बनाने में हैंडबॉल संग की सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ी एवं हैंडबॉल संग के सभी खिलाड़ी एवं पदाधिकारी भरपूर सहयोग कर इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देते हैं।

### शहीदों के नाम पर बनेगा भवन: नगर परिषद अध्यक्ष चौधरी

# नगर गौरव दिवस पर शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

◆ बड़ा बाजार शहीद स्तंभ पर श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




6 जनवरी 1949 को भोपाल राज्य बलीनीकरण आंदोलन की सभा पर नवाबी पुलिस की लाठी चार्ज में दो युवा शहीद राम प्रसाद अहिरवार एवं शहीद जुगराज सोनी शहीद हुए थे।नगर परिषद द्वारा नगर गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों युवाओं के शहीद स्थल एवं बाल विहार में कार्यक्रम आयोजित कर बिलीनीकरण के शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने नगर के मार्गों का नाम शहीदों के नाम पर नामकरण किए जाने और श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में जन सहयोग से भवन निर्माण की घोषणा की।

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता में हुए शहीदों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों के सम्मान कार्यक्रम में अनिल वर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, भगवान दास राठी ,अजय जैन, गोपाल वासल, अजय नाहर, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने विचार व्यक्त करते हुए बिलीनीकरण आंदोलन के दौरान 6 जनवरी को गांधी चबूतरा पर होने वाली सभा में नवाबी पुलिस के लाठी चार्ज में दो युवाओं के शहीद होने सैकड़ो के घायल होने जेल जाने की घटना का विस्तार से वर्णन किया।नगर गौरव दिवस पर पशु मेला बाल मेला प्रदर्शनी या अन्य कार्यक्रमों का प्रतिवर्ष नगर गौरव दिवस पर आयोजन किए जाने की मांग रखी।बरेली को जिला बनाने और बिलीनीकरण के इतिहास को जिसमें बरेली और बोरास की बलिदानी घटनाओं का सही चित्रण हो लेकर पुस्तक प्रकाशन की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### परिजनों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान 6 जनवरी 49 को नवाबी पुलिस के लाठी चार्ज में शहीद हुए दो युवाओं के परिजनों विलीनीकरण आंदोलन के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तर अधिकारियों परिजनों का नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान स्वागत किया।

इस अवसर पर पत्रकारों गणमान्य नागरिकों व्यापारियों निराला साहित्य जन कल्याण समिति के पदाधिकारी नगर परिषद के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन भरत शर्मा द्वारा एवं आभार सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने व्यक्त किया।

# 1 हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर विराजे सिद्ध तिल गणेश, प्रतिवर्ष बढ़ जाती है प्रतिमा

### तिल चतुर्थी पर लगा हजारों भक्तों का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



तहसील ग्राम पंचायत उदयगिरि के अंतर्गत विंध्याचल पर्वत की ऊंची पहाड़ी पर जामवंत जी ने सदियों पूर्व श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। ऐसी मान्यता है कि छै भुजाओं वाली श्री गणेश की सिद्ध प्रतिमा प्रति वर्ष एक तिल के बराबर ऊंचाई में बढ़ती है इसी कारण तिल गणेश कहा जाता है। संकटा तिल चतुर्थी पर नगर एवं क्षेत्र के ग्रामों से हजारों की संख्या में श्री गणेश के भक्त ऊंची पहाड़ी पर पहुंचे श्री गणेश के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाने और प्रार्थना में सक्रिय बने रहे।

#### सैकड़ो सीढ़ियों की चढ़ाई का सफर

ग्राम उदयगिरि के आगे बड़ी नहर और उसके बाद तिल गणेश की पहाड़ी पर पहुंचने कच्चा उबड खाबड रास्ता जिसकी लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है। नीचे पहाड़ी पर मेला दुकान लगे और लगभग एक हजार फीट ऊंचाई की पहाड़ी पर चढन्ना पहाड़ी के ऊपर पहुंचने सीढिय़ां बन जाने से श्रद्धालुओं को सुविधा हो गई है। ऊंची पहाड़ी पर गुफा और कम स्थान होने के बाद भी एक छोटासा श्री गणेश जी का मंदिर बना हुआ है। देवरी के पास गोरखपुर से बाड़ी के किला तक बनी विशाल पत्थरों की लगभग 80 किलोमीटर लंबी प्राचीन दीवार के भग्नाशेष चट्टानें आज भी मौजूद हैं।

विंध्य की ऊंची पहाड़ी पर सदियों से विराजे छह भुजाओं वाले सिद्ध गणेश जी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।



फोटो : सोनू कुशवाह

# श्रीरामलीला मेले में उमड़ रही लोगों की भीड़ झूलों पर महिलाओं और बच्चों की रही धूम

**भीड़ बढ़ जाती है और चारों ओर चहल-पहल नजर आती है**

**श्रद्धा और मनोरंजन का संगम बना वार्षिक श्रीरामलीला मेला**

**श्रीरामलीला में दशानन के वध लीला का आयोजन होगा कल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में आयोजित श्रीरामलीला मेला इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु व दर्शक पहुंच रहे हैं। दोपहर बाद मेला परिसर में लोगों की भीड़ बढ़ जाती है और चारों ओर चहल-पहल नजर आती है। मेले में लगे विभिन्न झूले, खिलौनों की दुकानें व खानपान के स्टॉल खासकर महिलाओं और बच्चों को खूब लुभा रहे हैं। नाव वाला झूला युवाओं की पहली पसंद बना हुआ है।

बच्चे जहां रंग-बिरंगे झूलों पर झूमते नजर आ रहे हैं, वहीं महिलाएं भी बच्चों के साथ झूलों का आनंद लेती दिख रहीं हैं। श्रीरामलीला के मंचन को देखने के लिए दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। आयोजकों द्वारा सुरक्षा व व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कुल मिलाकर श्रीराम लीला मेला श्रद्धा के साथ-साथ मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

## श्रीराम-लक्ष्मण को पाताल लोक ले गया अहिरावण, श्रीहनुमान मकरध्वज में हुआ घमासान युद्ध

शहर में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव में बुधवार को कलाकारों ने अहिरावण वध और माता महाकाली का रूप धारण कर प्रस्तुति दी। प्रस्तुत की गई लीला में कलाकारों ने हनुमान-मकरध्वज युद्ध और हनुमान-अहिरावण युद्ध दिखाया। विभीषण का रूप धारण कर चकमा दिया। रामादल में जब भगवान राम और लक्ष्मण गहरी नींद में सो रहे होते हैं, उसी दौरान पाताल लोक का राजा अहिरावण छल कपट के साथ विभीषण का रूप धारण कर चकमा देकर राम और लक्ष्मण का हरण कर पाताल लोक ले जाता है। जहां अहिरावण ने अपने द्वार पर मकरध्वज की तैनाती कर दी और कहा कि कोई भी अंदर प्रवेश ना कर पाए। इसी दौरान प्रभु श्रीराम लक्ष्मण की खोज करते हुए हनुमान जी पाताल लोक पहुंचते है। जहां प्रवेश द्वार पर अपने पसीने से उत्पन्न पुत्र मकरध्वज से युद्ध होता है। मकरध्वज को पराजिकर अंदर प्रवेश करते है, जिसके बाद श्री हनुमान जी और अहिरावण के बीच हुआ युद्ध।

श्रीहनुमान ने धारण किया मां काली का रूप



मेले में दुकानों से खरीदारी करते लोग



## सांची की श्रीरामलीला में आज होगा रावण दहन




**सांची।** नगर में चल रही श्रीरामलीला में गुरुवार को रावण दहन का मंचन किया जाएगा। यह ऐतिहासिक श्रीरामलीला नगर में कई बरसों से होती चली आ रही है। श्रीरामलीला में भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन किया जाता है। इस लीला में भगवान राम की बाल लीलाओं सहित गुरु दीक्षा, ताड़का वध, श्रीराम विवाह एवं भव्य बारात, माता सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, अंगद-रावण संवाद, मेघनाथ वध, कुंभकरण वध आदि दृश्य इस रामलीला में मंचन किए। भारी संख्याओं में लोगों ने आकर इस श्रीरामलीला का आनंद लिया है।

श्रीरामलीला समिति पूरी लगन और मेहनत से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। आज गुरुवार को लंकापति रावण का भगवान श्रीराम द्वारा वध किया जाएगा, जिसकी सारी तैयारियां बहुत पहले से प्रारंभ की जाती हैं। आतिशबाजियों से आसमान का मनोहर दृश्य देखने लायक होता है।

### अवैध कॉलोनियों का फैल रहा मकड़जाल, बिना डायवर्शन अनुमति काटे जा रहे प्लॉट

# शहर की तीन अवैध कॉलोनियों पर चला नपा का बुलडोजर, बिना अनुमति कर रहे थे निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में अवैध कॉलोनियों का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। शहर के आसपास और भीतर के इलाकों सहित ग्रामीण अंचलों में बिना डायवर्शन और वैध अनुमति के कॉलोनाइजर खेतों और शासकीय भूमि पर प्लॉट काटकर खुलेआम बेच रहे हैं। यहां हैरानी की बात यह है कि राजस्व और नगर प्रशासन की जानकारी के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

शहर के कई वार्डों और बाहरी क्षेत्रों में रातों-रात कॉलोनियां खड़ी हो रही हैं। न तो जमीन का डायवर्शन कराया है और न ही नगर पालिका से ले-आउट की स्वीकृति ली गई है। इसके बावजूद कॉलोनाइजर सस्ते प्लॉट का लालच देकर आम लोगों को फंसा रहे हैं। खरीदारों को न सड़क की गारंटी है और न नाली, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की।



### जिला प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

◆ स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकवा शिकायतों के बावजूद प्रशासन सिर्फ नोटिस की कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने या रजिस्ट्री रोकने जैसी सख्त कार्रवाई नहीं होने से कॉलोनाइजरों के हौसले बुलंद हैं।

### भोले-भाले खरीदार हो रहे शिकार

कम कीमत और आसान किश्तों के झांसे में आकर लोग अपनी जमा-पूंजी लगा रहे हैं। बाद में न रजिस्ट्री हो पा रही है और न ही लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से पहले सभी अनुमति और दस्तावेजों की जांच जरूरी है।

### नियमों को ताक पर रख कालोनाइजरों का धड़ल्ले से चल रहा कारोबार

» कॉलोनी विकसित करने के लिए शासन के नियमों के अनुसार डायवर्शन, टीएनसीपी की स्वीकृति और नगर पालिका की अनुमति जरूरी है।लेकिन रायसेन शहर में इन नियमों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। कॉलोनाइजर खेतों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर प्लॉट बेच रहे हैं, जिससे भविष्य में कानूनी विवाद और सुविधाओं का संकट खड़ा हो सकता है।

**इनका कहना है**

कलेक्टर के आदेश पर समय-समय पर अवैध कॉलोनियों पर एक्शन लिया जाता है। अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने की सूची नगर पालिका और एसडीएम कार्यालय में लिस्ट बनाई जाएगी।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

**नपा ने ध्वस्त किया निर्माण कार्य**

### तीन अवैध कॉलोनियों पर नगर पालिका की कार्रवाई

**रायसेन।** बुधवार को दोपहर कलेक्टर के आदेश पर शहर में 3 अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई को नपा सीएमओ सुरेखा जाटव के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।

कार्रवाई की शुरुआत बायपास रोड स्थित शिव शक्ति धाम कॉलोनी से की गई। यह कॉलोनी बिना किसी वैधानिक अनुमति के विकसित की जा रही थी। सीएमओ ने कर्मचारियों और संबंधित लोगों से विकास अनुमति और वैध दस्तावेज मांगे। जब कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, तो नगर पालिका ने अवैध निर्माण कार्य मौके से हटाया दिया।

### कच्चे रास्ते और पिलरों को तोड़ा

नपा की टीम ने दूसरी अवैध डायमंड सिटी कॉलोनी सहित एक अन्य कॉलोनी में अवैध कॉलोनियो के कच्चे मार्गों को ध्वस्त किया और अवैध रूप से बनाए पिलरों को तोड़ दिया। इसके साथ ही कॉलोनी में रखी निर्माण सामग्री को भी जब्त कर लिया गया।

## बेगमगंज की भूरेरू पंचायत में खेत तालाब निर्माण में वित्तीय गड़बड़ी पर सचिव निलंबित

**मामले में तत्कालीन जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को भी एससीएन जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की बेगमगंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भूरेरू में जल गंगा अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण में वित्तीय गड़बड़ी मिलने पर प्रभारी जिला पंचायत सीईओ मनोज उपाध्याय द्वारा भूरेरू के पंचायत सचिव कमलेश विश्वकर्मा को निलंबित कर बेगमगंज जनपद पंचायत में नियत कर दिया है।


साथ ही तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ सहित जनपद पंचायत की सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा लवकेश जसईवाल, तत्कालीन उपयंत्री/प्रभारी सहा.यंत्री जागृति उइके, उपयंत्री मनरेगा रामलाल मंडरई, सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा सावन श्रीवास, रोजगार सहायक दीपक अवस्थी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भुरेरू में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर भूमि में खेत तालाब का निर्माण कराने और पूरी राशि फर्जी बिल व्हाउचर बनाकर निकालने की शिकायत पर गठित जांच दल से जांच कराई गई। जांच में दल ने पाया कि तालाब निर्माण की नस्ती के परीक्षण में तालाब निर्माण बिना हितग्राही की जानकारी में लाए स्वीकृत किया। मौका निरीक्षण पर एक पुराना तालाब मिला जो कि हितग्राही को पूर्व में किसी अन्य योजना से दिया था। मनरेगा योजना से स्वीकृत कोई तालाब नहीं मिला।

इसी प्रकार कार्य की स्वीकृत लागत राशि एक लाख 47 हजार रू के विरूद्ध ग्राम पंचायत द्वारा राशि एक लाख 10 हजार रू मजदूरी के तौर पर ग्राम पंचायत के जॉबकार्ड धारियों के खाते के माध्यम से आहरित किया जाना पाया गया और मस्टर में अंकित जॉबकार्डधारियों द्वारा कोई कार्य नहीं किया जाना पाया गया। साथ ही मौके पर निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की एमबी नहीं मिली जबकि उपयंत्री द्वारा बताया गया कि अभियान के दौरान एमबी दी गई थी।

शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही व उदासीनता करने पर संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

## 10 लाख से सत्तीटोला में बना आरसीसी रोड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी के गांव सत्ती टोला में करीब 10 लाख रुपए की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण पूरा होने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। कई लंबे समय से खराब और कच्ची सड़क के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी झेलना पड़ रही थी।

खासकर बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते थे। गांव के ग्रामीण और पढ़ने वाले विद्यार्थी ज्यादा परेशान होते थे। लेकिन अब नई आरसीसी सड़क बनने से अब ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा, बच्चों को स्कूल पहुंचने में आसानी और मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच मिलेगी। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सड़क से गांव की तस्वीर और तकदीर बदलने की उम्मीद है।

### अन्य सड़कों का भी होगा निर्माण

ग्रामीण लंबे समय से रोड की मांग कर रहे थे, मांग को ध्यान में रखते हुए आरसीसी रोड का निर्माण कर किया है। आगे और भी आरसीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा।

**- कुंती रमेश कुमार अहिरवार,** सरपंच।

### दीवानगंज में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। योजना के तहत सबसे पहले कमर्शियल (व्यावसायिक) उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं, जिसके बाद घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत विभाग के अनुसार स्मार्ट मीटर से बिजली खपत की सटीक जानकारी मिलेगी, बिलिंग प्रक्रिया पारदर्शी होगी और उपभोक्ताओं को ओवरबिलिंग की शिकायत से राहत मिलेगी।

## वन्यप्राणी के शिकार में गिरफ्तार तीन आरोपियों को न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा के मार्गदर्शन में मंगलवार को परिसर गजंदा में जंगली सुअर का पका हुआ लगभग 400 ग्राम मांस जब्त कर मौके से आरोपी मुन्नालाल पिता रामचरण आदिवासी उम्र 50 वर्ष निवासी गजंदा, हरभजन पिता शंकर सिंह आदिवासी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी पशु औषाधालय बम्होरी उम्र 51 वर्ष निवासी खुरसुरू एवं गटरूलाल पिता सुंदर सिंह मेहतर अंशकालिक सफाईकर्मी पशु औषाधालय बम्होरी उम्र 55 वर्ष निवासी बम्हौरी को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मांस जब्त किया। जब्त मांस को जबलपुर परीक्षण के लिए भेजा गया है। गिरफ्तार 3 आरोपियों को प्रधान जिला सत्र न्यायालय रायसेन के समक्ष में परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा बुधवार को पेश किया। जहां से न्यायालय द्वारा तीनों को जेल वारंट जारी कर जेल भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपियों में से 2 आरोपी हरभजन आदिवासी एवं गटरूलाल के संबंध में डीउफओ द्वारा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय रायसेन को कार्यवाही के लिए पत्र लिखकर सूचित किया।

## सकल हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे कार्यकर्ता, घर-घर दे रहे पीले चावल

**11 जनवरी को सम्मेलन, भगवा ध्वज व जनसंपर्क से उत्सव का माहौल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित किए जा रहे विराट सकल हिंदू सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और सक्रियता देखने को मिल रही है।

सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सकल सनातन समाज की सहभागिता के उद्देश्य से नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। आयोजकों का लक्ष्य इस सम्मेलन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करना है, जिसके लिए पूरी योजना और अनुशासन के साथ कार्य किया जा रहा है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सकल हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील मुख्यालय सिलवानी में 11 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। इस आयोजन को लेकर संघ एवं विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क में जुटे हुए हैं और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं।

कार्यक्रम अनुसार कार्यकर्ता घर-घर जाकर समाजजनों को आमंत्रित कर रहे हैं। इस दौरान वे आमंत्रण स्वरूप पीले चावल प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही सम्मेलन से संबंधित जानकारी युक्त पत्रक भी वितरित किए जा रहे हैं।

कार्यकर्ता भारत माता का चित्र भेंट कर समाजजनों को सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### भाजपा कार्यालय में जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित

# एसआईआर कार्य में पूरी सहभागिता निभाएं : राकेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला कोर कमेटी की बैठक बुधवार को स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने की। बैठक में सत्ता संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति पर मंथन किया। बैठक में एसआईआर,सदस्यता अभियान, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और समन्वय को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाए और आम लोगों से सीधा संवाद कायम किया जाए। अध्यक्षता करते हुए बीजेपी जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने एसआईआर कार्य में मिलजुलकर कार्य पूरे मनोभाव से पूरा करने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। बैठक के अंत में आगामी बैठकों की रूपरेखा तय की गई और सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वहीं भाजपा के मंत्री विधायको के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी बैठक आयोजित कर शासन की प्राथमिकताओं को पूरा करने चर्चा हुई। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल,पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, कल्याण सिंह अहिरवार आदि उपस्थित हुए।



